भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 829
07 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

सेल द्वारा स्वास्थ्य मेला

829. श्री अशोक कुमार रावत:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) और प्रशासनिक नियंत्रणाधीन अन्य सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा स्वास्थ्य मेलों का आयोजन करने के लिए निधि का व्यय किया जाता है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान आज तक प्रशासनिक मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय इस्पात प्राधिकरण और अन्य सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेलों का तिथि-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन भारतीय इस्पात प्राधिकरण और अन्य उपक्रमों द्वारा किए गए व्यय का तिथि-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (घ): विगत तीन वर्षों के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) सहित इस्पात मंत्रालय के अधीन किसी भी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (सीपीएसई) ने किसी प्रकार के स्वास्थ्य मेले का आयोजन नहीं किया है। हालांकि, इस्पात मंत्रालय के अधीन सीपीएसई के संयंत्रों/इकाइयों/खदानों की परिधि में रहने वाले समुदाय अस्पताल, डिस्पेंसरी, मोबाइल मेडिकल यूनिटों आदि के माध्यम से बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएँ प्राप्त करते हैं। इसके अलावा, संयंत्रों/खदानों की परिधि में स्थित विभिन्न गांवों में रहने वाले लोगों के लाभ हेतु नियमित स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन के माध्यम से निवारक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाती है।

******